

# चार किसानों की मोटर जब्त

## बिजली बिल बकाया

### सांची विकासखंड में कुर्की की कार्रवाई, 8 में से 4 किसानों ने जमा की बिल की बकाया राशि



**सलामतपुर, 15 जनवरी. रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कुलहड़िया, महुआखेड़ा एवं हिनोतिया में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एक लाख रुपये से अधिक बकाया बिजली बिल वाले कृषि पंप उपभोक्ता किसानों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई के दौरान कुल आठ किसानों पर विद्युत कंपनी की टीम द्वारा कार्रवाई की गई.**

कार्रवाई के दौरान चार उपभोक्ता किसानों ने मौके पर ही अपनी बकाया राशि जमा कर दी, जिसके बाद उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई रोक दी गई. वहीं शेष चार किसानों द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर उनकी बोरवेल से विद्युत मोटर निकालकर जप्त की गई. इस संबंध में विद्युत कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ता किसानों पर एक लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है, वे शासन द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत अपना बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ लें, ताकि कुर्की जैसी कार्रवाई से बचा जा सके. उक्त कार्रवाई कुलहड़िया, महुआखेड़ा एवं हिनोतिया गांव में जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नियमानुसार की गई है.



# मकर संक्रांति पर पग्नेश्वर बेतवा किनारे लगा मेला

**सलामतपुर, 15 जनवरी. रायसेन जिले में मकर संक्रांति का पर्व बुधवार को धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों- मंदिर, सांची रोड स्थित बेतवा व जाखा पुल, नर्मदा घाटों और रायसेन दुर्ग स्थित सोमेश्वर महादेव धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और विशेष आयोजन किए गए.**

सांची रोड स्थित बेतवा पुल के किनारे और भोपाल रोड स्थित जाखा पुल पर मेले लगाए गए. यहां लगी दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी. मेले के दौरान पुलिस और प्रशासन के जवान लगातार सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए.

दिन मनाया जा रहा पर्व, जानिए शुभ मुहूर्त ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, बुधवार रात 9:35 बजे सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने के बाद गुरुवार 15 जनवरी को पूर्ण पर्व मनाया गया. पुण्यकाल गुरुवार सुबह 7:15 बजे से प्रारंभ हुआ. इसी कारण मकर संक्रांति का पर्व दो दिन मनाया जा रहा है और दो दिन तक मेले आयोजित किए गए हैं,

### खिलौने कम कीमत पर नहीं दिए व्यापारी को पीटा

संक्रांति के मेले में एक खिलौने की दुकान लगाने वाले व्यापारी के साथ खिलौने कम कीमत पर नहीं देने को लेकर जमकर मारपीट की गई. व्यापारी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं. थाना पुलिस ने बताया कि हलाली डेम के मिनी पचमढ़ी पर संक्रांति के पर्व पर लगे मेले में मनीष कुशवाहा पिता भगवान सिंह कुशवाहा निवासी फरगपुर थाना करारिया ने खिलौने की दुकान लगाई थी. व्यापारी मनीष की दुकान पर बामोरा के देवेन्द्र ने खिलौने की कीमत पूछी. मनीष ने खिलौने की कीमत बीस रुपये बताई तो देवेन्द्र बोला कि बीस रुपये तो बहुत ज़्यादा है कुछ कीमत कम करो. मनीष ने कीमत कम करने से मना कर दिया. जिससे आरोपी देवेन्द्र को गुस्सा आ गया और लोहे की किसी चीज़ से व्यापारी के सिर पर वार कर दिया. और जान से मारने की धमकी भी दी. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया मनीष की रिपोर्ट पर आरोपी देवेंद्र के विरुद्ध धारा 296 बी, 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

### एक नजर में



### सिलवानी से बौरास तक 38 किमी पदयात्रा पूर्ण

**सिलवानी.** नगर के युवा समाजसेवी एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश राय के नेतृत्व में मां नर्मदा तट बौरास तक निकाली गई पदयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई. यात्रा के पूर्ण होने पर मां नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई एवं भंडारे का आयोजन किया गया. मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को नगर स्थित मां विजयासन मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत पदयात्रा का शुभारंभ हुआ. यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने लगभग 38 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करते हुए रात्रि में मां नर्मदा तट बौरास पहुंचकर विश्राम किया. गुरुवार को प्रातः श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में पवित्र स्नान किया तथा इसके पश्चात प्रसादी ग्रहण की. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला. पदयात्रा में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.



### गढ़ी पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, आरोपी हिरासत में

**गैरतगंज, 15 जनवरी.** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशासनुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुशे व एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में गुरुवार को थानाप्रभारी डीपी लोहिया एवं गढ़ी चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक निरंजन सिंह, आरक्षक संजय देओल ने मुखबिर की सूचना पर 7 पेटी अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी जतिन सिलावट पिता परमलाल सिलावट उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 12 बुधागंज थाना गैरतगंज अपने साथी शुभम यादव के साथ बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल से गैरतगंज से ग्राम उसरबेटा जा रहा था जो अपनी मोटरसाइकिल पर 7 पेटी अबैध शराब रखे हुए थे. पुलिस को देखकर आरोपी का साथी शुभम यादव निवासी पैनगवा भाग गया एवं जितेंद्र सिलावट को जब हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अवैध शराब की गांवों में विक्रय करने बताया. उपरोक्त कार्रवाई में अवैध शराब के 320 क्वार्टर देसी मसाला एवं एक मोटरसाइकिल बिना नंबर की जब्त की गई है.

# अरहम ने शॉटगन शूटिंग में जीता गोल्ड मेडल

### ऑल इंडिया ओपन शॉटगन शूटिंग टूर्नामेंट



**बेगमगंज, 15 जनवरी. अरहम अली (उर्फ लक्की) ने ऑल इंडिया ओपन शॉटगन शूटिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में फर्स्ट रैंक हासिल की और गोल्ड मेडल प्राप्त किया. इस उपलब्धि के बाद उन्हें इंडिया टीम ट्रायल के लिए चयनित किए जाने से न सिर्फ भोपाल बल्कि रायसेन जिला सहित बेगमगंज का नाम रोशन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है.**

प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली शूटरों के बीच अरहम अली ने शानदार निशानेबाज़ी का प्रदर्शन किया. खेल विशेषज्ञों के अनुसार, अरहम के खेल में तकनीकी सटीकता, फोकस और स्थिरता ने उन्हें प्रतिस्पर्धा में शीर्ष पर पहुंचाया.

भारत की नेशनल टीम में जगह बनाने के लिए होने वाले इंडिया टीम ट्रायल में अब अरहम हिस्सा लेंगे. अरहम अली के इस शानदार प्रदर्शन से उनके परिवार, दोस्तों और कोचिंग संस्थान में खुशी की लहर है. स्थानीय स्तर पर युवा खिलाड़ियों के लिए यह प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है कि समर्पण और कड़ी मेहनत से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं.

### शराब के लिए 100 रुपये नहीं देने पर सिर फोड़ा

**सलामतपुर.** शराब पीने के लिए सौ रुपये नहीं देने पर लोहे की रॉड से युवक का सिर फोड़ दिया गया. मामला सलामतपुर थाने के बड़ौदा गांव का है. प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव के अनुसार बड़ौदा गांव में रहने वाले इंद्र जाटव पिता बलिराम जाटव के घर उनका छोटा भाई संतोष जाटव संक्रांति पर्व मनाने आया था. तभी शाम लगभग सात बजे उनके घर के सामने गांव के ही दीपक धाकड़ पिता राम सिंह धाकड़ आ गया और शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करते हुए सौ रुपये मांगने लगा. उन्होंने सौ रुपये देने से मना किया तो गाली देने लगा और लोहे की रॉड से इंद्र जाटव के सिर में वार कर हमला कर दिया. जिससे सिर फट गया. और गंभीर चोटें आ गईं. वहीं बीच बचाव करने आए छोटे भाई संतोष को भी लोहे की रॉड से मार दिया.

# राज्यमंत्री मांगरोल में संकल्प से समाधान कार्यक्रम में हुए शामिल



**रायसेन, 15 जनवरी. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बरेली तहसील के ग्राम मांगरोल में संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है.**

समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए संचालित योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है. स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने अभियान के चारों चरणों का उल्लेख करते हुए उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समयसीमा में कार्यवाही कर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए. इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे.

# नपा के शिविर में निपटे 46 प्रकरण

### संकल्प से समाधान अभियान




**बेगमगंज, 15 जनवरी.** गुरुवार को नगरपालिका परिषद द्वारा संकल्प से सामाधान अभियान (नर सेवा ही,नारायण सेवा) अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में चोरबाबड़ी नरसिंह मंदिर के पास शहर सरकार आपके द्वार में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह घोषी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं में सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत पेंशन के 10 आवेदन, संबल योजना के 11 आवेदन, विवाह प्रमाण पत्र के 09 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के 02 आवेदन, नवीन नल कनेक्शन के 01 आवेदन, अंत्येष्टि सहायता के 01 प्रकरण तथा पीएम स्वनिधि योजना के 08 आवेदन ,कुल 46 प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया. साथ ही नगरपालिका द्वारा सम्पतिकर 3 लाख 50151 रुपए एवं जलकर 7860 रुपए की वसूली की गई.

**कर्मचारी को निर्देश दिए**

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी एवं सीएमओ राजेन्द्र शर्मा द्वारा निकाय के कर्मचारी को निर्देश दिए गए, सरकार की सभी हितग्राहियों को समयसीमा में सहायता देने के संकल्प से सामाधान अभियान में प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ दिया जाए एवं सघन अभियान चलाकर वंचित हितग्राही को लाभ दिलावाएं तथा ऐसे हितग्राही जो शिविर में नहीं पहुच सकते है, उनके घर जाकर हितग्राही से आवेदन प्राप्त करें और सभी को हितग्राही योजनाओं का लाभ पहुंचाएं.

### मरीज के साथ पत्थर से मारपीट, पैर में गंभीर चोटें

**सलामतपुर.** इलाज कराने गए मरीज के साथ दो सगे भाइयों ने शराब के नशे में पत्थर से जमकर मारपीट कर दी. जिससे मरीज के पैर में गंभीर चोटें आ गईं. थाने के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव में फरियादी धनराज आदिवासी पिता सूरज आदिवासी 24 निवासी अगरिया उमरावगंज की तबियत खराब थी तो वह ईलाज डॉ कमलेश की क्लिनिक पर गए थे. तभी क्लिनिक के बाहर शराब के नशे में आरोपी संतोष जाटव और उसका भाई इंदरसिंह जाटव निवासी बड़ौदा धनराज के साथ गाली गलौच करने लगे. धनराज ने गाली देने से मना किया तो इंद्रसिंह ने लात घूंसों से जमकर मारपीट कर दी. वहीं उसके भाई संतोष ने पास ही पड़े हुए पत्थर को उठाकर धनराज के पैर में मार दिया.



# बेगमगंज के विद्यार्थियों ने मारी बाजी, तीन विद्यार्थी रहे प्रथम

**बेगमगंज, 15 जनवरी. शिक्षा विभाग द्वारा पर्यावरण एवं विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों में प्रतिभाओं को उचित मंच देने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित किया गया.**

बेगमगंज सांदीपनि विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर हुई आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम रहे संजय गौर कक्षा 8 वीं एवं लघु नाटिका में प्रथम स्थान रौनक लोधी ने हासिल किया .जबकि विज्ञान में प्रथम स्थान पर देव साहू कक्षा 7 वीं ने हासिल किए जाने पर तीनों प्रतिभागियों के संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है.

तीनों विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं कप देकर सम्मानित किया गया. वहीं आज बेगमगंज सांदीपनि विद्यालय में भी उनका स्टॉफ सहित साथी विद्यार्थियों ने भी सम्मानित करते हुए बधाई देकर अगली प्रतियोगिता जीतने के लिए हौसला अफजाई की.

### धार्मिक आयोजन

### ग्राम सिंगपुरी उचेरा में श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिन

# श्रीमद् भागवत कथा में मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**सिलवानी। ग्राम पंचायत सिंगपुरी उचेरा में बालमुकुन्द यादव (बाबूजी), सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर एवं महेंद्र पाल यादव सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया.**



इस दौरान कथा पंडाल में 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे. श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे व फूल-माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था. कथा वाचक पंडित रेवाशंकर शास्त्री मवई वालों ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया. कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है. अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है. जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ. प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है.

हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए. जिन बच्चों के ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है. हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं. धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छी संस्कार आती है. कथा के अंत में प्रसिद्ध आरती 'श्री भागवत भगवान की है आरती, पापियों को पाप से है तारती' का सामूहिक रूप से गायन हुआ. फिर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया.

# जलील मंसूरी बने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष



**सांईखेड़ा (रायसेन), 15 जनवरी. ऑल इंडिया मंसूरी समाज संगठन में जिला स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. ग्राम खैरी तहसील सिलवानी निवासी जलील मंसूरी को ऑल इंडिया मंसूरी समाज संगठन, जिला रायसेन का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है.**

यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एहसान मंसूरी के मार्गदर्शन पर की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हाजी शेख अज़ीज़ मंसूरी एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी जाकिर भाई मंसूरी , चांद भाई पूर्व सरपंच प्रदेश सलाहकार,जलील मंसूरी बरेली प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण अनुशंसा रही. जिला स्तर पर फारुक मंसूरी (जिला अध्यक्ष) एवं सलीम मंसूरी (जिला सचिव) द्वारा जलील मंसूरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई. इस अवसर पर जलील मंसूरी ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक उत्थान के लिए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे. साथ ही संगठन की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और समाज को संगठित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.